डिफेंडिंग टीम चैंपियन सीआरपीएफ द्वारा सबसे बड़ी अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन

23वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप-2022 का आयोजन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा 15 से 18 नवंबर, 2022 तक आर.के. खन्ना टेनिस स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 25 टीमों के 127 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं, जो इसे इतिहास की सबसे बड़ी एआईपीएल टेनिस चैंपियनशिप बनाती है। चैंपियनशिप 03 श्रेणियों में आयोजित की जाएगी: टीम चैम्पियनशिप, ओपन (एकल और युगल) और वेटरन्स (एकल और युगल)। श्री निशिथ प्रमाणिक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने 15 नवम्बर, 2022 को 1600 बजे आर. के. खन्ना टेनिस स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। श्री तपन कुमार डेका, निदेशक आसूचना ब्यूरो 18 नवम्बर, 2022 को 1600 बजे होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन हिमाचल पुलिस, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा क्रमशः 2017, 2018 और 2019 के दौरान किया गया था। कोविड-19 के कारण 2021 और 2022 में इसका आयोजन नहीं किया जा सका। सीआरपीएफ का खेलों के क्षेत्र में एक गौरवशाली इतिहास रहा है, जो बल के जवानों के जीवन और दिनचर्या का एक अभिन्न अंग है और उन्हें मानसिक और शारीरिक मजबूती प्रदान करने के साथ मिलनसारिता और सौहार्द बढाना है। अतीत में बल के कई एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हमारे खिलाड़ी 02 पद्म श्री, 01 ध्यानचंद और 17 अर्जुन पुरस्कारों से सम्मानित किए गए हैं। वर्तमान में सीआरपीएफ के कई खिलाड़ी भारतीय दल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हाल ही में, सीआरपीएफ बॉडीबिल्डिंग टीम के प्रवीण कुमार ने मालदीव में एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 01 महिला हॉकी खिलाड़ी सीनियर नेशनल हॉकी कैंप में, 3 खिलाड़ी सीनियर नेशनल तीरंदाजी कैंप में हैं जो अत्यंत प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जिनका किसी भी दिन भारतीय टीम में प्रवेश हो सकता है। इसके साथ-साथ बल के जवानों ने 36वें राष्ट्रीय खेल -2022 में 1 स्वर्ण, 6 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 18 पदक भी जीते। ज्ञात हो कि सीआरपीएफ इस टेनिस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग टीम चैंपियन भी है।